# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र 2020—22 की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की तृतीय बैठक का कार्यवृत

## रविवार, 19 सितम्बर 2021; सम्मेलन भवन, पटना एवं जूम ऐप के माध्यम से (फिजीकल एवं वर्चुअल)

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र 2020—22 की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की तृतीय बैठक 19 सितम्बर 2021 को बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में पटना–स्थित सम्मेलन भवन में आयोजित की गई। साथ ही, जूम ऐप के माध्यम से बैठक वर्चुअली भाग लेने की भी व्यवस्था थी। बैठक का सभापतित्व सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने किया।

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित थे:

| | | |
|---|---|---|
| श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया | श्री संतोष सराफ | श्रीमती शारदा लाखोटिया |
| श्री भानीराम सुरेका | श्री पवन कुमार गोयनका | श्री पवन कुमार सुरेका |
| श्री अशोक कुमार जालान | डॉ. श्याम सुन्दर हरलालका | श्री विजय कुमार लोहिया |
| श्री संजय कुमार हरलालका | श्री गोपाल अग्रवाल | श्री सुदेश अग्रवाल |
| श्री बसंत कुमार मित्तल | श्री दामोदर प्रसाद बिदावतका | श्री महेश जालान |
| श्री ओमप्रकाश अग्रवाल | श्री गोविन्द अग्रवाल | श्री गोकुल चंद बजाज |
| डॉ. सुभाष अग्रवाल | श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया | श्री ओमप्रकाश खण्डेलवाल |
| श्री पुरुषोत्तम सिंघानिया | श्री चांदमल अग्रवाल | श्री नंद किशोर अग्रवाल |
| श्री कमल नोपानी | श्री निर्मल कुमार झुनझुनवाला | श्री बिनोद तोदी |
| डॉ. ओम प्रकाश प्रणव | डॉ. सावर धनानिया | श्री रतन लाल बंका |
| श्री शिव कुमार लोहिया | श्री मधुसूदन सीकरिया | श्री राजकुमार तिवाड़ी |
| श्री जयदयाल अग्रवाल | श्री राजकुमार केडिया | श्री रामपाल अट्टल |
| श्री केदारनाथ गुप्त | श्री निकेश गुप्ता | श्री पवन जालान |
| श्री गौरीशंकर अग्रवाल | श्री जगदीश गोलपुरिया | श्री नंदलाल सिंघानिया |
| श्रीमती पुष्पा भुवालका | श्रीमती सुषमा अग्रवाल | |

निम्नलिखित सदस्यों ने अनुपस्थिति की सूचना दी:

| | | |
|---|---|---|
| श्री सीताराम शर्मा | श्री नंदलाल रूँगटा | डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया |
| श्री रामअवतार पोद्दार | श्री कपिल लखोटिया | श्री विनय सरावगी |
| श्री शिव कुमार टेकरीवाल | | |

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गाड़ोदिया ने राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारियों के साथ दीप–प्रज्वलित कर बैठक का शुभारम्भ किया। वन वंधु परिषद की पटना इकाई की महिला समिति की सदस्याओं ने सुमधुर स्वर में गणेश–वंदना एवं स्वागत–गीत प्रस्तुत किया। बैठक के स्वागताध्यक्ष श्री गिरधारीलाल सर्राफ ने स्वागत–वक्तव्य दिया। बिहार सम्मेलन के अध्यक्ष श्री महेश जालान, महामंत्री श्री योगेश तुलस्यान, कोषाध्यक्ष श्री विजय मस्करा, बैठक के संयोजक श्री राजेश बजाज एवं वरिष्ठ सदस्यों ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत–सम्मान किया। सम्मान–समारोह का संचालन श्री अंजनी सुरेका ने किया।

अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना ने पूरे विश्व में उथल–पुथल मचाया है जिससे पूरी मानवता, विशेषकर संसाधनहीनों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों, पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इन परिस्थितियों में अपने सेवाकार्यों के माध्यम से इनकी सहायता करना हमारा नैतिक दायित्व है और यही मारवाडियों की परम्परा भी रही है। सामाजिक विषयों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पाश्चात्य सभ्यता के अंधानुकरण एवं कतिपय अन्य कारणों से हमारी सभ्यता और संस्कृति का ह्रास हुआ है। इस विषय पर अपनी अगली पीढ़ी को सजग–सतर्क रखना अनिवार्य है। श्री गाड़ोदिया ने कहा कि आज कोरोना–सेवाकार्यों और संस्कार–संरक्षण के कार्यक्रमों को आंदोलन का रूप देना समय की माँग है।

बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की पिछली बैठक (20 जून 2021, वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से) का कार्यवृत सर्वसम्मति से पारित हुआ। राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय कुमार हरलालका ने पिछली बैठक के बाद की सम्मेलन की गतिविधियों पर 'महामंत्री की रपट' प्रस्तुत की जिसमें उन्होंने कोरोना–राहत सेवाकार्यों, संगठन–विस्तार आदि, सहित सम्मेलन की गतिविधियों का विवरण दिया। वित्तीय उपसमिति के चेयरमैन श्री आत्माराम सोन्थलिया एवं निवर्तमान कोषाध्यक्ष श्री कैलाशपति तोदी ने वित्तीय वर्ष 2020—21 के सम्मेलन के 'आय–व्यय का लेखा–जोखा और संतुलन पत्र' के विषय में संक्षेप में बताया। श्री आत्माराम सोन्थलिया ने बताया कि गत 30 जुलाई 2021 को भारत सरकार के कार्पोरेट कार्य मंत्रालय ने सी.एस.आर. के अन्तर्गत गतिविधियाँ करने वाली संस्था के रूप में सम्मेलन के पंजीकरण को स्वीकृति दी है। इसमें और जी.एस.टी. का रिफंड प्राप्त करने में सक्रिय सहयोग के लिए उन्होंने राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री गोपाल अग्रवाल का आभार व्यक्त किया। विचार–विमर्श के बाद वित्तीय वर्ष 2020—21 का 'आय–व्यय का लेखा–जोखा और संतुलन पत्र' समिति द्वारा सर्वसम्मति से पारित हुआ।

निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने अपने सम्बोधन में केन्द्रीय, प्रांतीय, प्रमंडल–जिला, नगर–ग्राम हर स्तर पर सम्मेलन की शाखाओं एवं पूरे मारवाड़ी समाज द्वारा कोरोना–राहत एवं शीघ्र टीकाकरण हेतु दिए जा रहे सहयोग की सराहना की एवं इसे मानवता की उच्चतम सेवा बताया। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती शारदा लाखोटिया ने सम्मेलन के सेवाकार्यों की सराहना की और सम्मेलन के कार्यकलापों में महिला सम्मेलन की ओर से सर्वरूपेण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अपने लड़के–लड़कियों, दोनों को उच्च शिक्षा दिलाना आज समय की आवश्यकता है और हमें इसके लिए हर सम्भव प्रयास करना चाहिए।

सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्षों सर्वश्री भानीराम सुरेका, पवन कुमार गोयनका, अशोक कुमार जालान, डॉ. श्याम सुन्दर हरलालका एवं श्री विजय कुमार लोहिया ने अपने–अपने प्रभार के प्रांतों की गतिविधियों पर समीक्षा प्रस्तुत की। राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री बसंत कुमार मित्तल ने संगठन–विस्तार सम्बंधी गतिविधियों और इस क्षेत्र में भावी योजनाओं और कार्यक्रमों के विषय में बताया।

प्रादेशिक अध्यक्षों सर्वश्री ओमप्रकाश अग्रवाल (झारखंड), गोविन्द अग्रवाल (उत्कल), गोकुल चंद बजाज (गुजरात), डॉ. सुभाष अग्रवाल (कर्नाटक), लक्ष्मीपत भूतोड़िया (दिल्ली), ओमप्रकाश खण्डेलवाल (पूर्वोत्तर), पुरुषोत्तम सिंघानिया (छत्तीसगढ़), चांदमल अग्रवाल (आन्ध्र प्रदेश) और नंद किशोर अग्रवाल (पश्चिम बंग) ने अपने –अपने प्रांत की गतिविधियों पर संक्षिप्त रपट प्रस्तुत की। बिहार सम्मेलन के पूर्व अध्यक्षों डॉ. रमेश केजड़ीवाल, सर्वश्री कमल नोपानी, विजय किशोरपुरिया, निर्मल कुमार झुनझुनवाला और बिनोद तोदी ने भी बैठक को

सम्बोधित किया और वर्तमान अध्यक्ष श्री महेश जालान एवं उनकी पूरी टीम की सक्रियता और जनकल्याण के कार्यों में समर्पण को अनुकरणीय बताया।

धन्यवाद–ज्ञापन करते हुए सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह बिहार सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष श्री पवन कुमार सुरेका ने पटना में बैठक आयोजित करने हेतु केन्द्रीय नेतृत्व एवं कुशल आतिथ्य हेतु बिहार सम्मेलन का आभार व्यक्त किया। अपने प्रभार के प्रांतों की गतिविधियों पर बोलते हुए श्री सुरेका ने बिहार और झारखंड सम्मेलन की सक्रियता की प्रशंसा की और कहा कि उत्तर प्रदेश में गति लाने की जरूरत है।

धन्यवाद–ज्ञापन के बाद सभा सम्पन्न हुई।

(गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया)
राष्ट्रीय अध्यक्ष

(संजय कुमार हरलालका)
राष्ट्रीय महामंत्री